University in News on 29 May 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि के 11 मेधावियों को एचसीएल में मिली नौकरी

संवाद न्यूज एजेंसी

प्लेसमेंट में सफल मेधावी। - संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। ये सभी छात्र ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर काम करेंगे। इन्हें कंपनी प्रतिवर्ष 2.4 लाख रुपये का पैकेज देगी।

लविवि में केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के अपर निदेशक डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक में अब तक लखनऊ विवि के 54 छात्रों का अगल-अलग पैकेज पर चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि एचसीएल टेक की चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे, जिसमें छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन कर अपनी उपयोगिता साबित की।

चयनित मेधावियों में लविवि से बीकॉम (ऑनर्स) की छात्रा नंदिनी मिश्रा, बीकॉम के छात्र अर्श खन्ना और बीसीए के छात्र अक्षत सुरेंद्र यादव शामिल हैं। वहीं, संबद्ध महाविद्यालयों से लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं आंचल विश्वकर्मा और अनामिका दीक्षित, नेशनल पीजी कॉलेज से बीसीए की छात्राएं दिशा पांडेय और आकांक्षा पटेल का चयन हुआ।

इसी तरह मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं कृति जोशी और प्रत्यक्षा शुक्ला, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से बीकॉम की छात्रा सना हाशिम और द स्टडी हॉल कॉलेज से बीकॉम की छात्रा वैष्णवी दुबे का चयन हुआ है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

बीफार्मा, बीटेक व एमसीए में एकेटीयू से होंगे प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-2 की प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीटेक, बीफार्मा और एमसीए दाखिले एकेटीयू की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश तकनीक प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) के माध्यम से होंगे। इसके लि पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्राविधिक विवि क वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में लविवि के प्रवेश प्रकोष्ठ ने विवि की वेबसाइट पर निर्देश जारी कर दिए हैं।

प्राविधिक विवि की वेबसाइट पर शुरू हुई पंजीकरण प्रक्रिया

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम दाखिले जेईई मेंस, सीयूईटी यूजी व पीजी की परीक्षा की मेरिट के आधार पर लिए जाते हैं। अभी बीटेक के लिए पंजीकरण प्रक्रि शुरू की गई है। विवि के इंजीनियरिंग और तकनीकी संकाय कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकेनिकल, सिविल इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइं एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित है, जिस कुल 480 सीटें हैं। इसी तरह बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम भी एडमिशन लिए जाएंगे। विवि में बीफार्मा की 100 और एमसी में 30 सीटें हैं। प्रवक्ता के अनुसार, बीटेक में जेईई मेन्स-202 क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। (संवाद

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू में पहली बार कृषि की पढ़ाई के लिए 120 सीटों पर आवेदन शुरू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परिसर में पहली बार स्नातक स्तर पर कृषि विषय की पढ़ाई शुरू होगी। जिसके मद्देनजर बीएससी कृषि पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो गई हैं। इच्छुक अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर समर्थ पोर्टल के लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने से पहले अभ्यर्थियों को एलयूआरएन जनरेट करना जरूरी होगा। एलयूआरएन प्राप्त करने के लिए 100 रुपये का शुल्क देय होगा।

आवेदन फॉर्म भरने के लिए सामान्य, ओबीसी व ईडब्लूएस अभ्यर्थियों को 800 रुपये और एससी, एसटी को 400 रुपये जमा करना होगा। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि प्रवेश प्रकोष्ठ की ओर से कोर्स से जुड़ी सभी जानकारि गई हैं। जिससे अभ्यर्थी को परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिक

- एलयू की वेबसाइट पर समर्थ पोर्टल के लिंक से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं विद्यार्थी

संकाय में आठ विभागों की होगी स्थापना

- एग्रोनॉमी।
- जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग।
- हॉर्टीकल्चर एंड वेजीटेबल
- सॉइल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री।
- क्रॉप फिजियोलॉजी-बायोकेमिस्ट्री
- प्लांट पैथोलॉजी माइक्रोबायोलॉजी
- एंटोमोलॉजी- सीड टेक्नोलॉजी
- एग्रीकल्चर इकोनॉमिक्स एंड एक्सटेंशन।

आवेदन के लिए जरूरी पात्रता

प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इंटरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा में गणित या जीव विज्ञान के साथ कृषि विषय का होना जरूरी है। सामान्य और ओबीसी अभ्यर्थियों को कम से कम 45 फीसदी अंक और अनुसूचित जाति या जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम प्राप्तांक 40 प्रतिशत अनिवार्य है।

एलयू से 23 कृषि कॉलेज संबद्ध

वर्तमान में एलयू से संबद्ध पांच जिलों लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी और रायबरेली में 23 कृषि कॉलेज संचालित हैं। इसमें 16 कॉलेजों में स्नातक और परास्नातक दोनों की पढ़ाई होती है, जबकि सात कॉलेजों में सिर्फ स्नातक कोर्स संचालित है।

पाठ्यक्रम का सिलेबस तैयार, फीस तय

कृषि संकायाध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना का कहना है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से तय मानकों और दिशा निर्देशों पर विवि में पहली बार कृषि संकाय की स्थापना हुई है। पाठ्यक्रम का सिलेबस भी आईसीएआर की अनुमोदित छह संकायाध्यक्ष समिति के सुझावों पर ही डिजाइन किया गया है। जिसके तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी एग्रीकल्चर प्रोग्राम को लांच किया गया है। जिसकी 120 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन जारी हैं। 54,005 रुपये प्रति सेमेस्टर फीस तय की गई है। कृषि संकायाध्यक्ष ने बताया कि जब तक संकाय संचालन के लिए विधिवत जमीन की व्यवस्था नहीं हो जाती है तब तक मुख्य परिसर में पाठ्यक्रम

इंतजार खत्म, लविवि से भी बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई

चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन शुरू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2025-26 से पहली बार बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई शुरू होगी। इसमें प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भर सकते हैं। कोर्स में दाखिले के लिए सीटों की संख्या 120 तय की गई है।

कृषि संकाय की अध्यक्ष प्रो. गौरी सक्सेना बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) की ओर से तय मानकों और दिशा निर्देशों पर विवि में पहली बार कृषि संकाय की स्थापना की गई है। इसी क्रम में यहां चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम बीएससी एग्रीकल्चर शुरू हो रहा है। जब तक संकाय संचालन के लिए विधिवत जमीन की व्यवस्था नहीं हो जाती है, तब तक

120 सीटों पर होंगे दाखिले, एक लाख आठ हजार होगी सालाना फीस

मुख्य परिसर में पाठ्यक्रम की कक्षाएं चलेंगी।

पाठ्यक्रम को आईसीएआर से अनुमोदित छह डीन की कमेटी के सुझावों पर डिजाइन किया गया है। वर्तमान में लविवि से संबद्ध जिलों में 23 कृषि महाविद्यालय संचालित हैं। इसमें 16 कॉलेजों में स्नातक और परास्नातक दोनों की पढ़ाई होती है, जबकि सात महाविद्यालयों में सिर्फ स्नातक कोर्स संचालित है।

सरोजनीनगर में बनेगा परिसर

लविवि का तीसरा परिसर कृषि संकाय के रूप में सरोजनीनगर के पिपरसंड इलाके में बनना प्रस्तावित है। इसके लिए सरकार की ओर से विश्वविद्यालय को 50 एकड़ भूमि आवंटित की गई है। हालांकि, यह अभी पूरी तरह से विश्वविद्यालय के कब्जे में नहीं है। स्वामित्व मिलते ही इसमें निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। प्रो. गौरी सक्सेना ने बताया कि लविवि में शुरू किए जा रहे बीएससी एग्रीकल्चर कोर्स का शुल्क 54005 रुपये प्रति सेमेस्टर होगा, जो कि एक वर्ष में एक लाख आठ हजार 10 रुपये होगा। यह पाठ्यक्रम चार वर्ष का होगा।

- **संकाय में होगी आठ विभागों की स्थापना :** प्रो. गौरी के मुताबिक, कृषि संकाय के अंतर्गत आठ विभागों की स्थापना की जानी है। इसमें कृषि विज्ञान विभाग, आनुवंशिकी और पौध प्रजनन विभाग, बागवानी एवं सब्जी विज्ञान विभाग, मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग, फसल शरीर क्रिया विज्ञान एवं जैव रसायन विभाग, पादप रोग विज्ञान एवं सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग, कीट विज्ञान एवं बीज प्रौद्योगिकी विभाग व कृषि अर्थशास्त्र एवं विस्तार विभाग शामिल हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

11 विद्यार्थी एचसीएल टेक में चयनित किए गए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में परिसर और संबद्ध कॉलेजों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। यह सभी छात्र ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर काम करेंगे। इसके लिए इन्हें प्रतिवर्ष 2.4 लाख रुपये के पैकेज का भुगतान होगा। सीपीसी के अपर निदेशक डॉ. हिमांशु पांडेय ने जानकारी दी।

लविवि : 11 विद्यार्थियों का हुआ कैंपस प्लेसमेंट

जासं ● लखनऊ : लखनऊ

विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक विद्यार्थियों का चयन एचसीएल टेक कंपनी में हुआ है।

प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शार्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित विद्यार्थियों में लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.काम आनर्स की छात्रा नंदिनी मिश्रा, बी.काम के छात्र अर्श खन्ना, बीसीए के छात्र अक्षत सुरेंद्र यादव शामिल हैं। वहीं,

नेशनल पीजी कालेज से बी.सी.ए की छात्रा दिशा पांडेय, आकांक्षा पटेल, अवध गर्ल्स डिग्री कालेज की बी.काम की छात्रा सना हाशिम सहित अन्य छात्र-छात्राएं शामिल हैं। सभी को ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर 2.4 लाख वार्षिक पैकेज मिला है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सभी को बधाई दी।

एलयू में बीटेक की 480, बीफार्मा 100 और एमसीए में 30 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

बीटेक, बीफार्मा व एमसीए में यूपीटीएसी से होंगे प्रवेश

एलयू

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत बीटेक, बीफार्मा और एमसीए में दाखिले एकेटीयू की ओर से आयोजित उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2025 के जरिए लिए जाएंगे। इसके लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी प्राविधिक विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

इस संबंध में एलयू प्रवेश प्रकोष्ठ ने विवि की वेबसाइट पर निर्देश जारी कर दिए हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम में दाखिले जेईई मेंस, सीयूईटी यूजी व पीजी की परीक्षा की मेरिट के आधार पर लिए जाते हैं। अभी बीटेक के लिए पंजीकरण प्रक्रिया आरंभ की गई है। प्रोफेसर दुर्गेश ने बताया कि विवि के इंजीनियरिंग और तकनीकी संकाय में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, मैकैनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन, इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग एआई में बीटेक पाठ्यक्रम संचालित है। जिसमें कुल 480 सीटें हैं। इसी तरह बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम में भी एडमिशन लिए जाएंगे।

1000 पंजीकरण शुल्क प्रथम सेमेस्टर में

- एलयू की वेबसाइट पर विस्तार से जानकारी
- जेईई, सीयूईटी व मेरिट से पहले होते थे प्रवेश

05 हजार रुपये कॉशन मनी करनी होगी जमा

ये है पाठ्यक्रमों की प्रति सेमेस्टर फीस

बीटेक :	60,130 रुपये
एमसीए :	56,130 रुपये
बीफार्मा :	60,130 रुपये

(नोट : प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लेने वाले छात्रों को पंजीकरण शुल्क 1000 रुपये और कॉशन मनी 5000 रुपये भी जमा करना होगा।)

55 % अंक या बीएससी आईटी हो बीसीएम में

प्रवेश में जरूरी पात्रता

बीटेक में प्रवेश के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और गणित में 12वीं पास होना अनिवार्य है। एमसीए में एडमिशन के लिए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 55 फीसदी अंकों के साथ बीसीए या बीएससी कंप्यूटर साइंस या बीएससी आईटी की डिग्री होना जरूरी है। जबकि बीफार्मा में प्रवेश के लिए विज्ञान वर्ग से 12वीं परीक्षा पास होना चाहिए। प्रवक्ता के अनुसार, बीटेक में जेईई मेन्स-2025 क्वालिफाई करने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। बीफार्मा में सीयूईटी यूजी और एमसीए में सीयूईटी पीजी की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र माने जाएंगे।

रिक्त सीटों पर सीधे प्रवेश लेगा विश्वविद्यालय

एलयू के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव के मुताबिक, बीटेक, बीफार्मा और एमसीए पाठ्यक्रम में उत्तर प्रदेश तकनीकी प्रवेश काउंसलिंग (यूपीटीएसी) 2025 काउंसलिंग से रिक्त रह जाने वाली सीटों पर विवि खुद के स्तर से दाखिले लेगा। बीते सत्रों में भी एलयू प्रवेश प्रकोष्ट की ओर से रिक्त सीटों के सापेक्ष आवेदन लेकर एडमिशन प्रक्रिया को पूर्ण किया था।

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि एवं संबद्ध महाविद्यालयों के 11 छात्र एचसीएल टेक में चयनित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे, जिनमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित छात्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय से वी.कॉम (ऑनर्स) की छात्रा नंदिनी मिश्रा, वी.कॉम के छात्र अर्श खन्ना, और बीसीए के छात्र अक्षत सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। वहीं संबद्ध महाविद्यालयों से लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से वीसीए की छात्राएं आंचल विश्वकर्मा और अनामिका दीक्षित, नेशनल पीजी कॉलेज से वीसीए की छात्राएं दिशा पांडेय और आकांक्षा पटेल, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से वीसीए की छात्राएं कृति जोशी और प्रत्यक्षा शुक्ला, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से वी.कॉम की छात्रा सना हाशिम और द स्टडी हॉल कॉलेज से वी.कॉम की छात्रा वैष्णवी दुबे का चयन हुआ है। इन सभी छात्रों को ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर 2.4 लाख वार्षिक पैकेज के साथ नियुक्त किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि एचसीएल टेक के साथ प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत अब तक कुल चार चयन चरण पूरे किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 54 छात्र-छात्राओं को नौकरी का अवसर मिला है।

AMRIT VICHAR PAGE 7

लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों के 11 छात्रों का एचसीएल टेक में चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अब तक कुल 54 छात्रों को मिल चुका है प्लेसमेंट

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह उपलब्धि एक नई शुरुआत है और यह दर्शाती है कि स्पष्ट लक्ष्य और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी मंजिल को पाया जा सकता है।

प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की चयन प्रक्रिया में रिज़्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे, जिनमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित छात्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय से बीकॉम (ऑनर्स) की छात्रा नंदिनी मिश्रा, बीकॉम के छात्र अर्श खन्ना, बीसीए के छात्र अक्षत सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। वहीं संबद्ध महाविद्यालयों से लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ से बीसीए की छात्राएं आंचल विश्वकर्मा और अनामिका दीक्षित, नेशनल पीजी कॉलेज से बीसीए की छात्राएं दिशा पांडेय और आकांक्षा पटेल, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज़ से बीसीए की छात्राएं कृति जोशी और प्रत्यक्षा शुक्ला, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से बीकॉम की छात्रा सना हाशिम, और द स्टडी हॉल कॉलेज से बीकॉम की छात्रा वैष्णवी दुबे का चयन हुआ है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों के 11 छात्र चयनित

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय एवं इसके संबद्ध महाविद्यालयों के 11 स्नातक छात्रों का चयन प्रतिष्ठित आईटी कंपनी एचसीएल टेक में हुआ है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं केंद्रीय प्लेसमेंट सेल के निदेशक प्रो. अनूप कुमार भारतीय ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि यह सफलता चयनित विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है, जो न केवल उनका गौरव बढ़ाती है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि एक नई शुरूआत है और यह दशार्ती है कि स्पष्ट लक्ष्य और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी मंज़िल को पाया जा सकता है। प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि एचसीएल टेक की चयन प्रक्रिया में रिज्यूमे शॉर्टलिस्टिंग, बिजनेस एचआर राउंड और कैंपस एचआर इंटरव्यू शामिल थे, जिनमें छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। चयनित छात्रों में लखनऊ विश्वविद्यालय से बी.कॉम (ऑनर्स) की छात्रा नंदिनी मिश्रा, बी.कॉम के छात्र अर्श खन्ना, और बीसीए के छात्र अक्षत सुरेन्द्र यादव शामिल हैं। वहीं संबद्ध महाविद्यालयों से लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं आंचल विश्वकर्मा और अनामिका दीक्षित, नेशनल पीजी कॉलेज से बीसीए की छात्राएं दिशा पांडेय और आकांक्षा पटेल, मॉडर्न गर्ल्स कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज से बीसीए की छात्राएं कृति जोशी और प्रत्यक्षा शुक्ला, अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज से बी.कॉम की छात्रा सना हाशिम, और द स्टडी हॉल कॉलेज से बी.कॉम की छात्रा वैष्णवी दुबे का चयन हुआ है। इन सभी छात्रों को ग्रेजुएट ट्रेनी पद पर 2.4 लाख वार्षिक पैकेज के साथ नियुक्त किया गया है।